यूपी देश के विकास इंजन के रूप में उभरा

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के अनुसार, **'नया उत्तर प्रदेश' देश के विकास इंजन** के रूप में उभर रहा है। यह **'उत्तम प्रदेश' से 'उद्यम प्रदेश'** बनने की ओर अग्रसर है।

मुख्य बिंदु:

- उत्तर प्रदेश में **देश के 55% एक्सप्रेसवे** हैं और **सबसे अधिक हवाई अड्डे भी** हैं।
- उत्तर प्रदेश ने **एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।**
  - इसे हासिल करने के लिये, राज्य कौशल विकास को बढ़ाने, उद्योगों को बढ़ाने और विकास में तेज़ी लाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।
- सीएम के मुताबिक, उत्तर प्रदेश भारत की श्रम शक्ति को आर्थिक महाशक्ति में बदलने की राह पर है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-emerging-as-country-s-growth-engine